मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
26-अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रमांक/स्थापना/अ-2/979/ 11 भोपाल, दिनांक13/01/2025

प्रति,

संयुक्त/उप संचालक
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय -----------(समस्त)

विषयः- मुख्यालय से जारी पत्रों पर परीक्षण उपरांत स्पष्ट अभिमत दिए जाने बाबत।

---000---

प्रायः यह देखने में आया है कि आंचलिक कार्यालय स्तर से पत्रों, प्रतिवेदनों का परीक्षण नहीं किया जाता है, सीधे बिना परीक्षण किये मुख्यालय प्रेषित कर दिये जाते हैं। इस संबंध में समय-समय पर वीडियो कान्फ्रेंसिंग एवं संयुक्त/उप संचालकों की समीक्षा बैठकों के माध्यम से दिशा निर्देश दिये जाते रहे हैं।

2- उपरोक्त निर्देशों के बावजूद समय-समय पर प्रबंध संचालक महोदय की समय सीमा सूची, माननीय मुख्यमंत्री की समय सीमा सची के प्रकरणों में स्पष्ट प्रतिवेदन नहीं भेजे जाने से प्रकरण का निराकरण करने में कठिनाई उत्पन्न होती है।

3. मंडी समितियो से प्राप्त प्रस्ताव जैसे कर्मचारियों के अवकाश, समयमान, वेतन, गोपनीय चरित्रावली आदि की जानकारी/स्वीकृत करने के अधिकार आंचलिक कार्यालय को प्रदत्त है उसे मुख्यालय अप्रत्यक्ष रूप से प्रस्तुत कर दिया जाता है। उसे पूर्णतः नियम/अधिनियम के तहत परीक्षण कर अपने स्तर से निराकरण करावें।

4. आपके संभाग की मंडी समितियों से संबंधित जानकारी मांगी जाती है तो उसे एकजाई तैयार की जाकर मुख्यालय प्रेषित की जाए, इस संबंध में मंडी समितियों में अपने स्तर से स्पष्ट निर्देश प्रसारित करें कि वह जानकारी सीधे मुख्यालय उपलब्ध नहीं कराये, आंचलिक कार्यालय के माध्यम से ही एकजाई जानकारी उपलब्ध करायी जाये।

5. किसी भी प्रकार की अनुचित पृष्ठांकित प्रति जिसका मुख्यालय से किसी प्रकार का निराकरण नहीं होना है उसकी प्रति मुख्यालय को पृष्ठांकित नहीं की जाये।

अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि माननीय न्यायालय के समक्ष लंबित प्रकरणों, सीएम मोनिट प्रकरणों, कर्मचारी/ अधिकारियों को जारी नोटिसो की जानकारी तत्काल निराकरण की कार्यवाही की जाकर स्पष्ट प्रस्ताव/ प्रतिवेदन अपने स्पष्ट अभिमत के साथ उपलब्ध कराये जावें।

10/01/25

(अरुण कुमार विश्वकर्मा)
अपर संचालक (भा.प्र.से.)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल

क्रमांक/स्थापना/अ-2/979/ 12 भोपाल, दिनांक13/01/2025

प्रतिलिपीः-

सचिव, कृषि उपज मंडी ....(समस्त)

अपर संचालक (भा.प्र.से.)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
भोपाल